**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 09.09.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में साइबर थाना टीम व सर्विलांस टीम द्वारा भिन्न-भिन्न बैटिंग बैवसाइट पर ऑनलाइन बैटिंग करवाकर लोगों के साथ फ्रॉड करने वाले संगठित गैंग का पर्दाफाश कर 04 अभियुक्तों को मोबाइल मय सिम, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, पासबुक, चैकबुक व नगद 9000/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।**

दिनांक 08.09.2025 को वादी सत्येन्द्र प्रताप सिंह पुत्र केशवदास नि0 उमरारखेरा कोत0 उरई जनपद जालौन ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्तगण द्वारा बैंक से लोन दिलाने के नाम पर बैंक में खाते खुलवाना व उनमें वादी की बिना जानकारी के फ्रॉड की धनराशि का लेने-देने करने के सम्बन्ध में साइबर थाना उरई पर मु0अ0सं0 31/2025 धारा 318(4)/112 बीएनएस व 66-D सूचना प्रोद्योगिकी अधि0 बनाम साहिल कुमार उर्फ सोनू पाँचाल आदि 07 नफर पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 09.09.2025 को दौराने विवेचना घटना में शामिल 04 अभियुक्तगणों को इगलासपुरा से चुर्खी बाईपास मार्ग पर पुलिया के पास से मोबाइल मय सिम, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, पासबुक, चैकबुक व नगद 9000/- रूपये के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा प्रयोग किये जाने वाले खातों को NCRP पोर्टल पर सर्च किया गया तो पाया गया कि NCRP पोर्टल पर 36 ऑनलाइन शिकायतें विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान , गुजरात, महाराष्ट्र आदि में दर्ज हैं।

**अभियुक्तगण के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों एवं राज्यों से की जा रही है।**

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग लोटस डॉट कॉम, महादेव डॉट कॉम जैसी बैवसाइट पर ऑनलाइन बैटिंग करवाते है व जो लोग ऑनलाइन बैटिंग में रुचि रखते हैं, वे लोग ऐसी बेबसाइट पर आकर व्हाट्सएप पर मैसेज करते हैं, जिनसे हम लोग दूसरे लोगों के खातों का प्रयोग करके उनमें पैसे मंगवाते हैं व लोगों के खातों का प्रयोग करके उनमें गेम खेलने हेतु धनराशि डलवाते है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. साहिल कुमार उर्फ सोनू पाँचाल उम्र 22 वर्ष पुत्र बृजमोहन पाँचाल नि0 उमरार खेडा कोत0 उरई जनपद जालौन
2. सोहिल मन्सूरी उर्फ नसीम अहमद उम्र 21 वर्ष पुत्र गफ्फार अहमद नि0 उमरार खेडा कोत0 उरई जनपद जालौन
3. नौसाद पुत्र मोहर खान उम्र 49 वर्ष नि0 बिजौली थाना प्रेम नगर जनपद झांसी
4. पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र मानसिंह उम्र 23 वर्ष नि0 उमरार खेडा कोतवाली उरई जनपद जालौन